रजिस्ट्री सं. डीएल (एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)—04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 47] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 24—नवम्बर 30, 2007 (अग्रहायण 3, 1929)

No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 24—NOVEMBER 30, 2007 (AGRAHAYANA 3, 1929)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

केनरा बैंक

बेंगलूर, दिनांक 25 सितम्बर 2007

सं. काविकाप्र/10475/078/वीआरआर--बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उप-धारा (2) के साथ पठित, धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केनरा बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करके तथा केन्द्र सरकार की पूर्व मंजूरी से केनरा बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में एतद्द्वारा निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :--

1. (1) संक्षिप्त नाम और प्रारंभ : (1) ये विनियम केनरा बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम, 2007 कहलाएंगे।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. केनरा बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में विनियम 5 में :

(क) उप-विनियम (1) में, खंड (ग) के अंतर्गत, परंतुक के पश्चात् एवं टिप्पणी के पहले निम्नलिखित परंतुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :

"परंतु, जो अधिकारी पदोन्नति का प्रस्ताव मिलने पर उसे अस्वीकार कर देता है उसे अगले उच्चतर वेतनमान/अवरोध वेतन-वृद्धि/वेतनवृद्धियों में ऐसी वेतनवृद्धि/वेतनवृद्धियाँ प्रदान नहीं की जाएंगी।"

(ख) उप-विनियम (2) में, स्पष्टीकरण के खंड (घ) में, टिप्पणी (ii) के पश्चात्, निम्नलिखित टिप्पणी जोड़ी जाएगी, अर्थात् :

"(iii) जो अधिकारी पदोन्नति का प्रस्ताव मिलने पर उसे अस्वीकार कर देता है, वह व्यावसायिक अर्हता भुगतान उपर्युक्त के अनुसार, का पात्र नहीं होगा।"

एन. एस. श्रीनाथ
महा प्रबंधक

नोट : प्रमुख विनियमावली के आशोधनों को भारत के राजपत्र में निम्नांकित ब्यौरे के अनुसार प्रकाशित किए गए थे :

क्रम संख्या	अधिसूचना संख्या	दिनांकित
1	15	09.04.1988
2	15	14.04.1990
3	42	19.10.1996
4	49	07.12.2002

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 31 अक्तूबर 2007

संख्या ए-28/11/6/96-स्था. 6 (दक्षिणी जोन) : क.रा.बी. अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 97 की उप धारा (2) के खंड (21) तथा उप धारा (2क) और धारा 17 की उप धारा (2) के साथ पठित धारा 97 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए क.रा.बी.नि. एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है :-

क.रा.बी.नि. यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता तथा परिवहन भत्ता विनियम 2006

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ - (1) ये विनियम "क.रा.बी.नि. यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता तथा परिवहन भत्ता विनियम - 2006" कहे जायेंगे ।

ये विनियम 01.10.2007 से प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएँ - इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -

(क) "अधिनियम" से कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34);अभिप्रेत है।

(ख) "आयोग" से संघ लोक सेवा आयोग अभिप्रेत है;

(ग) "निगम" से इस अधिनियम के अधीन स्थापित कर्मचारी राज्य बीमा निगम अभिप्रेत है;

(घ) "महानिदेशक" से निगम के महानिदेशक अभिप्रेत है;

(ङ) "कर्मचारी" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो नियुक्त किया गया है या वह निगम की नफरी में कर्मचारी कर्मचारीवृन्द संवर्ग में है;

(च) "माह" से कैलेन्डर माह अभिप्रेत है;

(छ) "सेवा" से निगम के अधीन सेवा अभिप्रेत है;

(ज) "स्थायी समिति" से स्थायी समिति अभिप्रेत है;

(झ) इसके बाद प्रयुक्त किए गये किन्तु अपरिभाषित अन्य सभी के वही अर्थ होंगे जो तत्संबंधी केन्द्र सरकार के सेवकों के लिए लागू नियमों में दिए गए हैं ।

3. दैनिक भत्ते के प्रयोजन के लिए दौरे, स्थानान्तरण तथा दौरे पर यात्रा की पात्रता के लिए वर्गीकरण संबंधित कार्मिक द्वारा वास्तव में धारित पद के वेतनमान से निश्चित किया जा सकेगा । अधिकारियों तथा कर्मचारियों के वेतनमान स्थायी समिति/क.रा.बी.नि. द्वारा समय-समय पर किए गए निर्णय के अनुसार होंगे ।

4. **क. आवासीय व्यय की प्रतिपूर्ति :-**

दौरे पर, होटल के कमरों-आवास भाड़े की प्रतिपूर्ति निम्नलिखित प्रकार से होगी :-

क्र.सं.	**अधिकारी-श्रेणी**	**दौरे में प्रतिदिन वास्तविक आधार पर स्वीकार्य आवास-व्यय**	
		भारत सरकार द्वारा मकान किराया भत्ता प्रयोजन के लिए वर्गीकृत स्टेशन यथा - क -1 क, ख-1, ख-2 (रुपयों में) (क)	**अन्य सभी नगर (रुपयों में) (ख)**
1.	महानिदेशक	होटल अशोक दिल्ली में आई.टी.डी.सी. होटल दरें या किसी भी होटल में 9,000/- रुपये से अनधिक	वास्तविक खर्च
2.	निगम के प्रधान अधिकारी यथा : वित्त आयुक्त/ बीमा आयुक्त/चिकित्सा आयुक्त	6,300/- रुपये	4,400/- रुपये
3.	अपर आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारी 18400-22400/- रु. 16,400-20,000/- रु. तथा 14,300-18,300/- रु.	4,400/- रुपये	3,200/- रुपये
4.	क्षेत्रीय निदेशक/संयुक्त निदेशक तथा 12,000-16,500/- रु., 10,000-15,200/- रु. वेतनमान के समकक्ष अधिकारी	3,200/- रुपये	2,200/- रुपये
5.	उप निदेशक/सहायक निदेशक 8,000-13,500/- रु., 6,500-10,500/- रु.	2,200/- रुपये	1,600/- रुपये

2) आवास भाड़े के दावे वाऊचर द्वारा समर्थित हों । वाऊचर के बिना कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा । दौरे पर, उपरिलिखित अनुसार परिशोधित कमरे किराये के अलावा यदि अधिकारियों द्वारा राज्य/केन्द्रीय/व्यय/विलासिता कर आदि का भुगतान किया गया है तो उसकी पूर्ण प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

3) व्यय को न्यूनतम रखने के लिए निगम देश भर में अनेक स्तरों पर अधिकारियों के लिए होटल आवास आरक्षित करने हेतु प्रतियोगी दरों पर एक या अधिक उपयुक्त एजेन्सी(यों) से केन्द्रीकृत टाई-अप व्यवस्था करेगा ।

4) यदि किसी स्थान पर तत्पश्चात दरों होटल दरों में वृद्धि हो जाती है तो महानिदेशक किसी वैयक्तिक मामले में निर्धारित आर्थिक सीमा से अधिक व्यय की अनुमति दे सकेंगे ।

ख. क.रा.बी. निगम के अधिकारियों को देय दैनिक भत्ता

क्र.सं.	अधिकारियों की श्रेणी	भारत सरकार द्वारा मकान किराया भत्ता प्रयोजन के लिए वर्गीकृत स्टेशन यथा क-1, क, ख-1, ख-2 (रुपयों में) (क)	अन्य सभी नगर (रुपयों में) (ख)
1.	महानिदेशक	375	325
2.	निगम के प्रधान अधिकारी यथा-वित्त आयुक्त/बीमा आयुक्त/चिकित्सा आयुक्त	350	315
3.	निम्नलिखित वेतनमान के अधिकारी :18400-22400/- रु., 16400-20000/- रु. तथा 14300-18300 रुपये	315	225
4.	निम्नलिखित वेतनमान के अधिकारी : 12000-16500/- रु. तथा 10000-15200/- रु.	260	225
5.	निम्नलिखित वेतनमान के अधिकारी :8000-13500/- रु. तथा 6500-10500/- रु.	225	175

ग. ग्रुप-ग और ग्रुप-घ कर्मचारियों के दौरे पर रहने की स्थिति में भोजन और आवास व्यय के लिए दैनिक भत्ता

क्र.सं.	अधिकारियों की श्रेणी	दैनिक भत्ता	
		भारत सरकार द्वारा मकान किराया भत्ता प्रयोजन के लिए वर्गीकृत स्टेशन यथा - क1, क, ख-1 तथा ख-2 (रुपयों में)	अन्य सभी नगर (रुपयों में)
1.	बीमा निरीक्षक/प्रबन्धक ग्रेड-2/ अधीक्षक तथा समान वेतनमान के अधिकारी	210	160
2.	अन्य सभी ग्रुप ग के कर्मचारी	150	130
3.	सभी ग्रुप घ के कर्मचारी	100	75

घ. कर्मचारी राज्य बीमा निगम के ग्रुप-ग तथा ग्रुप-घ कर्मचारियों के वर्ग के लिए समेकित दैनिक भत्ता (होटल आवास सहित)

क्र.सं.	अधिकारियों की श्रेणी	दैनिक भत्ता	
		भारत सरकार द्वारा मकान किराया भत्ता प्रयोजन के लिए वर्गीकृत स्टेशन यथा - क1, क, ख-1 तथा ख-2 (रुपयों में)	अन्य सभी नगर (रुपयों में)
1.	बीमा निरीक्षक तथा समकक्ष	450	360
2.	अन्य सभी ग्रुप ग के कर्मचारी	330	260
3.	सभी ग्रुप घ के कर्मचारी	215	160

ङ. तैनाती स्थान से दौरे के लिए अपनी कार/टैक्सी का प्रयोग

मार्ग भत्ते की दरें किसी राज्य विशेष के महानगरों में लागू दरों के आधार पर निर्धारित की जाएँ और यदि दरें निर्धारित नहीं की गई हैं तब पड़ोसी राज्य की दरों को अंगीकार किया जाए किन्तु जहाँ ऐसी दरें निर्धारित नहीं की गई हैं वहाँ निम्नलिखित मार्ग भत्ता दर इस शर्त के अधीन निर्धारित की जाए जो कि समय-समय पर पूरक नियम 46 के उपबंधों के अधीन पात्रता की शर्त के अधीन यात्रा भत्ता दावों को विनियमित करने हेतु जारी आदेशों के अनुसार शासित होती हैं । अपनी कार से की गई यात्रा सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से ही की जा सकेगी अर्थात् वित्त आयुक्त/बीमा आयुक्त/चिकित्सा आयुक्त

1. अपनी कार/टैक्सी से यात्रा करने पर 10/- रुपये प्रति कि.मी.
2. ऑटो रिक्शा/स्कूटर से यात्रा करने पर 5/- रुपये प्रति कि.मी.

च. स्थानांतरण पर निजी सामान का परिवहन

अन्तरक्षेत्रीय स्थानांतरण के मामलों में कर्मचारी को देय वास्तविक परिवहन व्यय में लागत के साथ निजी सामान तथा सवारी भाड़ा शामिल होंगे तथा उसमें पैकिंग खर्च, बीमा, लदाई (लोडिंग)-उतराई (अनलोडिंग) तथा आने-जाने के दौरान ऐसे सामान तथा सवारी पर ली जाने वाली सांविधिक उगाही सम्मिलित होगी । अन्तरक्षेत्रीय स्थानांतरण जनहित में होने की स्थिति में अधिकारी अपनी स्वेच्छा से अपने सामान/सवारी को अधिकृत संचलकों/पैकरों द्वारा या रेल से ले जा सकता है ।

स्थानांतरित कार्मिक के निजी सामान को ले जाने वाले संचलक तथा पैकर सामान्य वित्त नियमों के अधीन सामान्य क्रय-प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्यालय द्वारा नियुक्त किया जाएगा। अधिकृत संचलक तथा पैकर क्षेत्रीय आधार पर नियुक्त किए जाएंगे तथा गंतव्य स्थान पर पैकिंग, लदाई, संचलन, उतराई तथा सामान की सुपुर्दगी के लिए जिम्मेदार होंगे । वे प्रदान की गई सेवाओं के लिए बिल निगम के संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे ।

पूरक नियम के उपबंधों के अनुसार शासित समय-समय पर यथा संशोधित वजन आदि का प्रतिबंध जारी रहेगा ।

5. यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ते से संबंधित अन्य सभी मामले जिनका ऊपर विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, वे भारत सरकार के नियमों तथा आदेशों द्वारा तब तक शासित होते रहेंगे जब तक कि निगम द्वारा इस बारे में अलग से विनियम नहीं बनाए जाते हैं ।

6. यदि इन विनियमों के निर्वचन में कोई संदेह हो तो मामला महानिदेशक को भेजा जाए या महानिदेशक द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्दिष्ट अन्य प्राधिकारी को भेजा जाए और महानिदेशक का आदेश अन्तिम होगा ।

प्रभात चन्द्र चतुर्वेदी
महानिदेशक

दिनांक 2 नवम्बर 2007

संख्या : ए-12(11) 1/2005-स्था.। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 97 की उप धारा (2) के खण्ड (xxi) और उप धारा (2क) के साथ पठित धारा 97 की उप धारा(1) और धारा 17 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम(भर्ती) विनियम, 1995, जहां तक वे कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद से संबंधित हैं का अधिक्रमण करते हुए, ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किए गए अथवा करने से रह गये कार्यों के अलावा, कर्मचारी राज्य बीमा निगम एतद्द्वारा केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से कर्मचारी राज्य बीमा निगम में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद पर भर्ती को विनियमित करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ:-**

(1) ये विनियम कर्मचारी राज्य बीमा निगम (कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक) भर्ती विनियम, 2007 कहे जायेंगे।

(2) ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण एवं वेतनमान:-**
पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनसे सम्बद्ध वेतनमान इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची के कॉलम 2 से 4 में उल्लिखित अनुसार होंगे ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि:-**
भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य मामले इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची के कॉलम 5 से 14 में उल्लिखित अनुसार होंगे ।

4. निरर्हता:-

ऐसा कोई व्यक्ति,

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह करने का करार किया है जिसका विवाहिती जीवित है; अथवा

(ख) जिसने अपने विवाहिती के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है अथवा विवाह करने का करार किया है ।

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यदि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक इस बात से संतुष्ट हैं कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति अथवा विवाह की दूसरी पार्टी पर लागू वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत अनुमेय है अथवा ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं तो वे किसी व्यक्ति को इस विनियमों से छूट दे सकते हैं ।

5. ढील देने की शक्ति:-

जहाँ क.रा.बी. निगम के महानिदेशक की राय में ऐसा करना आवश्यक अथवा कालोचित है तो वे आदेश द्वारा केन्द्रीय सरकार से पूर्व अनुमोदन लेने के पश्चात् तत्संबंधी कारणों को लेखबद्ध करके किसी श्रेणी अथवा व्यक्तियों के वर्ग के संबंध में इन विनियमों के किसी भी उपबंध में आदेश द्वारा ढील दे सकते हैं।

6. अवशिष्ट मामले:-

इन विनियमों के उपबंधों के अध्यधीन, निगम में पदों की तदनुरूपी श्रेणी पर लागू कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भर्ती) विनियम, 1965 में उल्लिखित सभी अन्य विनियम और शर्तें इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित पद पर लागू होंगी ।

7. अपवाद:-

इन विनियमों की कोई बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा व्यक्तियों के अन्य वर्गों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	क्या चयन पद है अथवा गैर-चयन	क्या केन्द्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियम,1972 के नियम-30 के अधीन सेवा के जोड़े गए वर्षों का लाभ स्वीकार्य है ।	सीधी भर्ती के लिए आयु-सीमा
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
कनिष्ठ हिंदी अनुवादक	54* (2007) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तनीय	ग्रुप 'ग' लिपिकीय	5500-175-9000/-रु.	लागू नहीं	नहीं	28 वर्ष से अनधिक (नियमों तथा आदेशों के अनुसार क.रा.बी.निगम तथा सरकारी कर्मचारियों लिए ढील दी जा सकती है) टिप्पणी: आयु सीमा निश्चित करने की निर्णायक तारीख भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी (और न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू तथा कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश का लाहौल तथा स्पीती जिला और चम्बा जिले का पंगी उप-प्रभाग, अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप के लिए निर्धारित अन्तिम तारीख)

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	क्या सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए निर्धारित आयु और शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नत व्यक्तियों पर भी लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि,यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति क्या सीधी भर्ती/ पदोन्नति / प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/ आमेलन किया जाएगा	विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका गठन क्या है ।	परिस्थितियाँ, जिनमें भर्ती करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है ।
8.	9.	10.	11.	12.	13.	14.
डिग्री स्तर पर हिंदी/अंग्रेजी अनिवार्य और वैकल्पिक विषय के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी/हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा मुख्य विषय (इसमें अनिवार्य और वैकल्पिक शब्द भी शामिल हैं) के रूप में हिंदी और अंग्रेजी विषयों के साथ स्नातक डिग्री	लागू नहीं	2 वर्ष	100% सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं	ग्रुप "ग" स्थायीकरण के लिए विभागीय पदोन्नति समिति 1. अपर आयुक्त(का. एवं प्रशा.) क.रा.बी.नि. -अध्यक्ष 2. क.रा.बी.नि का 10000-325-15200/-रुपये वेतनमान का कोई अधिकारी -सदस्य	लागू नहीं

प्रभात चन्द्र चतुर्वेदी
महानिदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 19 अक्तूबर 2007

संख्या : यू.16/53/2002 चि.2(गुजरात) : कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के अधीन निगम की शक्तियां महानिदेशक को प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पारित किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024 (जी) दिनांक 23.5.1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौपी जाने पर मैं इसके द्वारा निम्नलिखित डॉक्टर को मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर निम्नलिखित तिथि तक एक वर्ष के लिए या पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पूर्व हो, को राज्य चिकित्सा आयुक्त, (गुजरात) द्वारा निर्धारित क्षेत्र के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रुप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूँ :

	डॉक्टर का नाम	**अवधि**	**केन्द्र का नाम**
1.	डॉ.जे.एम. दोषी	29.10.2007 से 28.10.2008तक	दरियापुर

(डॉ) कमलेश कालरा
चिकित्सा आयुक्त

दिनांक 5 नवम्बर 2007

संख्या : यू-16/53/2000-चि.2(म.प्र.) : कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के अधीन निगम की शक्तियाँ महानिदेशक को प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पारित किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024 (जी) दिनांक 23.05.1983 द्वारा ये शक्तियाँ आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा निम्नलिखित डॉक्टर को मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर निम्नलिखित तिथि तक एक वर्ष के लिए या पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पूर्व हो, को राज्य चिकित्सा आयुक्त (म.प्र.) द्वारा निर्धारित क्षेत्र के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा

मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूँ :-

	डॉक्टर का नाम	अवधि	केन्द्र का नाम
1.	डॉ. कमलेश जैन	16.10.2007 से 15.10.2008 तक	ग्वालियर

(डॉ) कमलेश कालरा
चिकित्सा आयुक्त

नई दिल्ली, दिनांक 14 नवम्बर 2007

संख्याः एन-15/13/1/5/2005-यो.एंव वि.

कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने **01 अगस्त, 2007** ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा **आन्ध्र प्रदेश** कर्मचारी राज्य बीमा नियम-**1955** में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ **आन्ध्र प्रदेश** राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाऐंगे, अर्थात :-

"आन्ध्र प्रदेश राज्य के कडपा जिले में स्थित जम्मलमडुगु मण्डल के अन्तर्गत जम्मलमडुगु नगर पालिका के सीमा के अन्तर्गत सभी क्षेत्र एं मोरगूडि राजस्व गाँव ।"

आर. सी. शर्मा
संयुक्त निदेशक (यो. एवं वि.)

संख्याः एन-15/13/1/3/2007-यो.एंव वि.

कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने **01 अक्तूबर, 2007** ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा **आन्ध्र प्रदेश** कर्मचारी राज्य बीमा नियम-**1955** में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ **आन्ध्र प्रदेश** राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाऐंगे, अर्थात :-

"आन्ध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के मम्बट्टू ग्रड्डागुण्टा, अंडगुण्डला तथा टाड़ा (मंडल) में कोण्डुरू एवं सुल्लुरपेट (मंडल) में कोटापोलुरू के राजस्व गाँवों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र "

आर. सी. शर्मा
संयुक्त निदेशक (यो. एवं वि.)

न्यासी, भारतीय खाद्य निगम

नई दिल्ली, दिनांक 25 अक्तूबर 2007

सीपीएफ. V/21(3)/2005

भारतीय खाद्य निगम अंशदायी भविष्य निधि विनियम 1967 के विनियम 5 में निहित प्रावधान के अनुसार अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक, निगम की अंशदायी भविष्य निधि को संचालित करने के लिए न्यासी मंडल में निम्नलिखित प्रतिनिधियों को अधिसूचना की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए सहर्ष नामित करते हैं :-

क्र.सं.	नाम तथा पदनाम, श्री/सुश्री	कार्यालय का नाम जहां कार्यरत हो
1.	जे.एस. तुली, सहायक महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग)	भारतीय खाद्य निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली
2	एन. सुन्दरराजन, प्रबंधक (गुण नियंत्रण)	भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नई
3.	आर.एस. नायक, प्रबंधक (डिपो)	भारतीय खाद्य निगम, आंचलिक कार्यालय (पश्चिम), मुम्बई
4.	आर.के. नय्यर, प्रबधक (लेखा)	भारतीय खाद्य निगम, आंचलिक कार्यालय (उत्तर), नोएडा
5.	विनोद कुमार वर्मा, प्रबंधक (डिपो)	भारतीय खाद्य निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली
6.	आर.एन. दास, सहायक सचिव	एफसीआई वर्कर्स यूनियन, 58/1, डायमंड हार्बर रोड, कोलकाता
7.	पी.के. नायक, संगठन सचिव	एफसीआई वर्कर्स यूनियन, 8585, आरा कशा रोड, पहाड़गंज, नई दिल्ली 110055
8.	श्रवण पहलवान, संयुक्त सचिव	भाखानि (हैंडलिंग), वर्कर्स यूनियन, 8654, आरा कशा रोड, पहाड़गंज, नई दिल्ली - 110055. एफएसडी (नरेला), दिल्ली

अमित रुज

उप महाप्रबंधक (अं. भ. नि.)

केन्द्रीय भण्डारण निगम
(भारत सरकार का उपक्रम)

नई दिल्ली-110 016, दिनांक 12 नवम्बर 2007

सूचना

सं. के.भ.नि./III-49/ईडीसी-2007/बीएण्डसी--केन्द्रीय भण्डारण निगम नियमावली, 1963 के नियम 13 के अनुसरण में वेअरहाउसिंग कॉरपोरेशन अधिनियम 1962 की धारा 7 की उप धारा 1 के खण्ड (ई) में विनिर्दिष्ट सहकारी समितियों की अंशधारियों की श्रेणी से दिनांक 31.10.2007 को विधिवत् निर्वाचित निदेशक का नाम एवं पता नीचे दिया गया है। वे इस पद पर 31.10.2007 (अपराह्न) से 3 वर्ष के लिए निर्वाचित हुए हैं :--

अंशधारियों की श्रेणी	निर्वाचित निदेशक का नाम व पता
सहकारी समितियाँ	श्री वीरेन्द्र सिंह, दी वैस्ट सबर्बन ग्रोसर्स कोआपरेटिव सोसायटी लि., ए-3, लिबर्टी शापिंग सैन्टर, 10-सी, हिल रोड, बान्द्रा मुम्बई-400 050

ए. वी. जवाकर

सचिव

केन्द्रीय भण्डारण निगम

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्च शिक्षा विभाग)
मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी

नई दिल्ली-110001, दिनांक 3 अगस्त 2007

पत्र संख्या एफ 27-12/2000 डेस्क (यू) तिथि 3 अगस्त 2007 द्वारा निम्नलिखित अध्यादेशों के ढाँचों का अनुमोदन सूचित किया गया है।

1. हैदराबाद एवं दरभंगा में मॉडल स्कूलों की स्थापना
2. हैदराबाद, दरभंगा तथा बैंगलोर में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों/औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना।

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के निबन्धन अधिनियम 1996 (1997 की संख्या-2) की धारा 43 के अनुसार ये अध्यादेश कार्यालयी राजपत्र में प्रकाशित होंगे तथा संसद के दोनों सदनों के सामने रखे जाएँगे।

अध्यादेश

मॉडल स्कूलों की स्थापना

[अधिनियम, (xxviii), 5 एस.27 (के)]

विश्वविद्यालय अधिनियम, 1996 (1997 के संख्या-2), में निहित अधिकारों के प्रयोग के अधीन धारा 5 (xxviii) तथा एस 27 (के) के तहत मॉडल स्कूलों की स्थापना के लिए यह अध्यादेश जारी किया गया है।

प्रारंभ

विश्वविद्यालय की अधिसूचना की तिथि से

अध्यादेश का उद्देश्य

इस अध्यादेश का उद्देश्य विश्वविद्यालय के मॉडल स्कूलों की स्थापना करना, इस विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों के मूल आधार का विकास करना है। वे उर्दू की तरक्की और विस्तार के लिए तथा शिक्षा आवश्यक निरंतरता लाने के लिए आधार का कार्य करेंगे। ये मॉडल स्कूल उर्दू माध्यम द्वारा प्राथमिक स्तर से जूरियर कॉलेज तक शिक्षा प्रदान करेंगे। पहले चरण में विश्वविद्यालय हैदराबाद तथा दरभंगा में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संस्तुति लेकर मॉडल स्कूलों की स्थापना करेगा संस्तुति द्वारा देश के अन्य स्थान पर भी खो खोलेगा ।

संस्थान का उद्देश्य

नवोदय/केन्द्रीय विद्यालय तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नमूने पर गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करना। ये स्कूल विश्वविद्यालय के लिए फीडर चानल के रूप में कार्य करेंगे।

शुल्क	:	शुल्क केन्द्रीय विद्यालय के नमूने पर विद्या परिषद् के अनुमोदन के अनुसार रहेगी।
स्थान आरक्षण	:	भारत सरकार नियमानुसार
प्रवेश प्रक्रिया	:	केन्द्रीय विद्यालय के नमूने के अनुसार विद्या परिषद् के अनुमोदन से।

सत्र का आरंभ : प्रतिवर्ष 12 जून से सत्र का आरम्भ होगा।

पाठ्य विवरण : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, भारत सरकार के अनुसार

परीक्षा : 7 वीं कक्षा के पश्चात् केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, भारत सरकार वार्षिक परीक्षाओं का संचालन करेंगे।

अध्यादेश

व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

अधिनियम, एस 27 (के)

विश्वविद्यालय अधिनियम 1996 (1997 के संख्या-2) में अधिकारों के प्रयोग के अधीन धारा 27 (के) के तहत व्यावसासियक प्रशिक्षण केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए यह अध्यादेश ज़ारी किया गया है।

प्रारंभ विश्वविद्यालय की अधिसूचना के दिनांक से।

अध्यादेश का उद्देश्य

इस अध्यादेश का उद्देश्य उर्दू माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रामें की व्यवस्था करने के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों/ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करना है। ऐसे व्यवसाय जिनमें नौकरी की संभावना तथा/या स्वरोज़गार प्रदान किया जायेगा। संस्थान को पूर्ण रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/भारत सरकार पोषित करेगा। प्रारंभ में ये संस्थान हैदराबाद, दरभंगा तथा बैंगलोर एवं अन्य स्थानों पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुमोदन अनुसार स्थापित होंगे।

संस्थान का उद्देश्य ऐसे व्यवसायों में प्रशिक्षण देना जिनमें नौकरी की संभावना हो। प्रशिक्षण के पश्चात् नौकरी पाने के लिए उनका मार्ग दर्शन तथा उनकी सहायता करना।

प्रशिक्षण की अवधि : प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि भारत सरकार के प्रतिमानक, व्यवसाय प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद् (NCVT) के अनुसार होगी।

शुल्क : शिक्षा तथा प्रवेश शुल्क देय नहीं है। प्रवेश के समय प्रत्येक विद्यार्थी को जमानत राशि रु.60 देय होगी।

योग्यता तथा प्रवेश : शैक्षिक योग्यता व्यवसाय प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद् के अनुसार 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण से 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण तक विभिन्न व्यवसायों के अनुसार होगी।

आयु : इन संस्थानों के प्रवेश सत्र में 14 से 40 वर्ष तक की आयु वाले योग्य हैं।

आयु में छूट

1. भूतपूर्व सैनिकों के लिए 45 वर्ष तक आयु सीमा में छूट अनुमेय है।
2. युद्ध के कारण हुई विधवाओं के लिए 45 वर्ष तक आयु सीमा में छूट अनुमेय है।
3. विधवाओं/परित्यक्ता महिलाओं के लिए सी.टी.एस. के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु 45 वर्ष तक आयु सीमा में छूट है।
4. शारीरिक अक्षम उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट है तथा प्रवेश सत्र के आरम्भ होने तक 45 वर्ष रखी गई है।

स्थान आरक्षण

व्यवसाय प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद् (NCVT) के प्रतिमानकों के अनुसार होगा।

प्रवेश प्रक्रिया

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश व्यवसाय की राष्ट्रीय परिषद् (NCVT) के प्रतिमानकों के अनुसार केवल उम्मीदवार के द्वारा उनके भिन्न पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित किए गए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता सार्वजनिक परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर मिलेगा। जहाँ कहीं भी न्यूनतम योग्यता का आधार सार्वजनिक परीक्षा में हो, वहाँ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा।

औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों का चयन प्रत्येक सत्र के आरम्भ से बहुत पहले ही हो जाएगा, जहाँ तक हो सके, सत्र के आरम्भ तक प्रवेश संपन्न करेंगे। अगर आवश्यक हुआ तो सत्रारंभ के पश्चात् भी प्रवेश चलता रहेगा। लेकिन यह ज़रूरी है कि 2 वर्षों के पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया सत्रारंभ के पश्चात् एक माह से अधिक न हो तथा 1 वर्ष के पाठ्यक्रम प्रवेश की प्रक्रिया सत्रारंभ के पश्चात् 15 दिन से अधिक न हो।

सत्र का आरम्भ	:	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ITIs/VTCs व्यवसाय प्रशिक्षण के केन्द्रों में सत्र का आरम्भ प्रत्येक वर्ष एक अगस्त से होगा।
पाठ्य विवरण	:	व्यवसाय प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद् (NCVT) के प्रतिमानकों के अनुसार होगा।
परीक्षा	:	व्यवसाय प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद् (NCVT) वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन करेगी अथवा वार्षिक पाठ्यक्रम के सत्रांत में व्यवसाय प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद् (NCVT) अंक पत्र तथा प्रमाण पत्र जारी करेगी।

कुलाध्यक्ष की अनुमति से संशोधित प्रत्येक पत्र के सामने सूचित विश्वविद्यालय के निम्नलिखित कानून --

से संशोधित	मानव संसाधन विकास मंत्रालय पत्र संख्या तथा दिनांक
कानून संख्या 23	फाइल. 27-5/2007-डेस्क (यू.) तिथि 12 जून 2007
कानून संख्या 39	फाइल. 27-4/2005-डेस्क (यू.) तिथि 5 सितम्बर 2007

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के निबन्धन अधिनियम 1996 (1997 की संख्या-2) की धारा 43 के अनुसार ये कानून कार्यालयी राजपत्र में प्रकाशित होंगे तथा संसद के दोनों सदनों के सामने रखे जाएंगे।

23 वें कानून का संशोधन

वर्तमान	संशोधन सुझाव	संशोधन के पश्चात ऐसे पढ़ें	संशोधन के कारण
शिक्षकों की आचार संहिता तथा उनके निबन्धन और प्रतिबन्ध आदि 23 (1) विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और अन्य शैक्षणिक कर्मचारीवृन्द तत्प्रतिकूल किसी करार के अभाव में परिनियमों अध्यादेशों और विनियमों में विनिर्दिष्ट सेवा के निबन्धनों और शर्तों तथा आचार संहिता से शासित होंगे।	4. 15-3-2007 के पश्चात् मंज़ूर हुए सभी नियमित शिक्षक पदों के व्यक्तियों के लिए अधिवर्षिता आयु 65 वर्ष है। इसके पश्चात् सेवावधि में कोई बढ़ोत्तरी नहीं होगी। लेकिन विश्वविद्यालय को यह अधिकार प्रदत्त किया है कि किसी भी सेवानिवृत्त शिक्षक को गरिष्ठ 70 वर्षों तक पुनः रोज़गार दे सकती है।	शिक्षकों की आचार संहिता तथा उनके निबन्धन और प्रतिबन्ध आदि। 23 (1) विश्वविद्यालय के सभी- शिक्षक और अन्य शैक्षणिक कर्मचारीवृन्द तत्प्रतिकूल किसी करार के अभाव में, परिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों में विनिर्दिष्ट सेवा के निबन्धनों और शर्तों तथा आचार संहिता से शासित होंगे।	भारत सरकार के निर्णय को दृष्टि में रख कर तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पत्र संख्या 1-19/2006-यू-II दिनांक 23 मार्च 2007 द्वारा संप्रेषित शिक्षक पदों के लिए अधिवर्षिता आयु 62 से 65 के रूप में बढ़ोत्तरी उच्च तथा तकनीकी शिक्षा के केन्द्र द्वारा पोषित संस्थानों में लागू होगी।
2. विश्वविद्यालय का प्रत्येक शिक्षक और शैक्षणिक कर्मचारीवृन्द का सदस्य लिखित संविदा के आधार पर नियुक्त किया जाएगा प्रारूप अध्यादेशों द्वारा निहित किया जाएगा।		(2) विश्वविद्यालय का प्रत्येक शिक्षक और शैक्षणिक कर्मचारीवृन्द का सदस्य लिखित संविदा के आधार पर नियुक्त किया जाएगा प्रारूप अध्यादेशों द्वारा निहित किया जाएगा।	

3. खण्ड (2) में निर्दिष्ट प्रत्येक संविदा की एक प्रति कुलसचिव के पास जमा कराई जाएगी।		(3) खण्ड (2) में निर्दिष्ट प्रत्येक संविदा की एक प्रति कुलसचिव के पास जमा कराई जाएगी।	
4. सभी शिक्षकों की अधिवर्षिता आयु 62 वर्ष है। इसके पश्चात् सेवावधि में कोई बढ़ोत्तरी नहीं लेकिन विश्वविद्यालय के लिए यह छूट है कि वह चाहे तो अधिवर्षिता आयु 65 वर्षों तक शिक्षक कोपुनः रोज़गार दे सकती है।		(4) 15-3-2007 के पश्चात् मंजूर हुए सभी नियमित शिक्षक पदों के व्यक्तियों के लिए अधिवर्षिता आयु 65 वर्ष है। इसके पश्चात् सेवावधि में कोई बढ़ोत्तरी नहीं होगी। लेकिन विश्वविद्यालय के लिए यह छूट है कि वह चाहे तो अधिवर्षिता आयु 70 वर्षों तक शिक्षक को पुनः रोज़गार दे सकती है।	

39 वें कानून का संशोधन

वर्त्तमान	संशोधन सुझाव	संशोधन के पश्चात ऐसे पढ़ें
39. वर्तमान में विश्वविद्यालय के निम्नलिखित स्कूल, विभाग, निदेशालय तथा केन्द्र हैं जिनके नाम हैं -	39. क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत जोड़ना क्रम संख्या 9 में क्षेत्रीय केन्द्र रांची (झारखण्ड)	39. वर्तमान में विश्वविद्यालय के निम्नलिखित निकाय , विभाग, निदेशालय तथा केन्द्र है, जिनके नाम हैं -
अध्ययन निकाय		अध्ययन का निकाय
1. भाषा, भाषाविज्ञान तथा इंडोलॉजी निकाय		1. भाषा तथा भाषाविज्ञान तथा इंडोलॉजी निकाय
2. वाणिज्य तथा व्यापार प्रबंधन निकाय		2. वाणिज्य तथा व्यापार प्रबंधन निकाय
3. पत्रकारिता तथा जनसंचार निकाय		3. पत्रकारिता तथा जनसंचार निकाय
4. कला तथा सामाजिक विज्ञान निकाय		4. कला तथा सामाजिक विज्ञान निकाय
5. विज्ञान का निकाय		5. विज्ञान निकाय
		6. शिक्षा तथा प्रशिक्षण निकाय
6. शिक्षा तथा प्रशिक्षण निकाय		
अध्ययन विभाग		अध्ययन विभाग
1. उर्दू, फारसी तथा अरबी विभाग		1. उर्दू, फारसी तथा अरबी विभाग
2. अंग्रेज़ी विभाग		2. अंग्रेज़ी विभाग
3. हिन्दी विभाग		3. हिन्दी विभाग
4. वाणिज्य तथा प्रबन्धन विभाग		4. वाणिज्य तथा प्रबन्धन विभाग
5. जनसंचार तथा पत्रकारिता विभाग		5. जनसंचार तथा पत्रकारिता विभाग
6. शिक्षा तथा प्रशिक्षण विभाग		6. शिक्षा तथा प्रशिक्षण विभाग
		7. अनुवाद विभाग

5—339 GI/2007

7. अनुवाद विभाग		8. महिला अध्ययन विभाग
8. महिला अध्ययन विभाग		9. दूर शिक्षा विभाग
9. दूर शिक्षा विभाग		10. राजनीति विज्ञान तथा लोक प्रशासन विभाग
10. राजनीति विज्ञान तथा लोक प्रशासन विभाग		11. समाजशास्त्र तथा समाज कार्य विभाग
11. समाजशास्त्र तथा समाजकार्य विभाग		12. कम्प्यूटर विज्ञान तथा सूचना तकनीकी विभाग
12. कम्प्यूटर विज्ञान तथा सूचना तकनीकी विभाग		<u>निदेशालय</u>
<u>निदेशालय</u>		1. महिला अध्ययन निदेशालय
1. महिला शिक्षा निदेशालय		2. दूर शिक्षा निदेशालय
2. दूर शिक्षा निदेशालय		<u>क्षेत्रीय केन्द्र</u>
<u>क्षेत्रीय केन्द्र</u>		1. दिल्ली क्षेत्रीय केन्द्र
1. दिल्ली क्षेत्रीय केन्द्र		2. पटना क्षेत्रीय केन्द्र
2. पटना क्षेत्रीय केन्द्र		3. बैंगलोर क्षेत्रीय केन्द्र
3. बैंगलोर क्षेत्रीय केन्द्र		4. भोपाल क्षेत्रीय केन्द्र
4. भोपाल क्षेत्रीय केन्द्र		5. दरभंगा क्षेत्रीय केन्द्र
5. दरभंगा क्षेत्रीय केन्द्र		6. श्रीनगर क्षेत्रीय केन्द्र
6. श्रीनगर क्षेत्रीय केन्द्र		7. मुम्बई क्षेत्रीय केन्द्र
7. मुम्बई क्षेत्रीय केन्द्र		8. कोलकाता क्षेत्रीय केन्द्र
8. कोलकाता क्षेत्रीय केन्द्र		9. रांची क्षेत्रीय केन्द्र (झारखण्ड)

रजिस्ट्रार
मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय
गाचीबॉवली, हैदराबाद

CANARA BANK

Bangalore, the 25th September 2007

No PWPM:10475:078:VRR:- In exercise of the powers conferred by Section 19 read with sub section (2) of Section 12 of the Banking Companies (Acquisition and transfer of undertakings) Act, 1970 (5 of 1970), the Board of Directors of Canara Bank in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following regulations further to amend Canara Bank (Officers') Service Regulations, 1979, namely:-

1 (1) These Regulations may be called Canara Bank (Officers') Service (Amendment) Regulations, 2007,

(2) These Regulations shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

2 In the Canara Bank (Officers') Service Regulations, 1979, in Regulation 5,-

(a) in sub regulation (1), under clause (c), after the proviso and before the Note the following proviso shall be inserted, namely:

"Provided further that such increment/s in the next higher scale / stagnation increment/s shall not be allowed to an Officer who refuses promotion when offered"

(b) in sub regulation (2), in clause (d) of the Explanation after Note (ii), the following Note shall be inserted, namely:

"(iii) An Officer shall not be eligible for Professional Qualification Pay, as above, if he refuses to accept promotion when offered"

N S SRINATH
GENERAL MANAGER

Note: The amendments to the Principal Regulations were published in the Gazette of India, as per details given below:

SL NO	NOTIFICATION NO	DATED
1	15	09.04.1988
2	15	14.04.1990
3	42	19.10.1996
4	49	07.12.2002

EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION

New Delhi, the 31st October 2007

No.A-28/11/6/96-E.VI(SZ): In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 97 read with clause (xxi) of sub-section (2) and sub-section (2-A) of the section and sub-section (2) of section 17 of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948), the Employees' State Insurance Corporation hereby makes, the following regulations, namely:-

T.A., D.A. AND TRANSPORT ALLOWANCE REGULATIONS – 2006 of ESIC.

1. Short Title and Commencement – (1) these regulations may be called "T.A., D.A. and Transport Allowance Regulations – 2006 of the Employees' State Insurance Corporation."

These regulations shall come into force w.e.f. 01.10.2007.

2. DEFINITIONS – In the regulations, unless the context otherwise requires-

(a) "Act" means the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948);

(b) "Commission" means the Union Public Service Commission;

(c) "Corporation" means the Employees' State Insurance Corporation established under the Act;

(d) "Director General" means the Director General of the Corporation;

(e) "Employee" means a person appointed to or borne on the cadre of the staff of the Corporation;

(f) "Month" means a calendar month;

(g) "Service" means a service under the Corporation;

(h) "Standing Committee" means the Standing Committee of the Corporation;

(i) All the other words and expressions used hereinafter but not defined herein shall have the meaning assigned to them in

the relevant rules applicable to the corresponding classes of Central Government Servants.

